**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक 06.04.2024** **समय 18.30**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फिर भाजपा सरकार बनने का भरोसा जताते हुए कहा–एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल में बडे फैसले लिये जाएंगे।**
- **जयपुर में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा–उनकी पार्टी लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लडाई लड रही है।**
- **राज्य में लोकसभा चुनाव के पहले चरण की होम वोटिंग को लेकर बुजुर्गों और दिव्यांगजनों में उत्साह।**
- **प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से कई स्थानों पर हुई बारिश के बाद तापमान में गिरावट।**

000

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिये पार्टियों के बड़े नेताओं के दौरे तेज हो गये हैं। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुष्कर के पास भाजपा के प्रत्याशियों के समर्थन में सभी की वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जयपुर में पार्टी का प्रचार किया। प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने देश में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने का भरोसा जताते हुए कहा कि उनके तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन में और बड़े फैसले लिये जायेंगे। श्री मोदी ने कहा कि पिछले दस साल में जो कार्रवाई हुई, वह ट्रेलर है। अभी बहुत कुछ बाकी है। कांग्रेस की ओर से कल जारी किये गये घोषणा पत्र को 'झूठ का पुलिंदा' बताते हुए श्री मोदी ने कहा कि यह कांग्रेस को बेनकाब करने वाला घोषणा पत्र है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र के हर पन्ने से भारत के टुकड़े करने की बू आ रही है।

...................

श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए रैली नहीं कर रही है, बल्कि भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए कर रही है। लेकिन भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी सरकार की लड़ाई जारी रहेगी। श्री मोदी ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है। यह तभी होगा, जब देश की आधी आबादी की भागीदारी का विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि माताओं, बहनों और बेटियों के सुख, सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि 'मोदी की गारंटी' हैं। महिलाओं के हक के लिए उनकी सरकार की ओर से किये गये फैसलों को गिनाते हुए श्री मोदी ने कहा कि जो कभी साइकिल नहीं चला सकती थीं, वह आज गांव में ड्रोन उड़ा रही है।

...................

श्री मोदी ने कहा कि 2014 में देश में पूर्ण बहुमत की सरकार आने के बाद बड़े बदलाव की शुरुआत हुई। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भाजपा सरकार आने के बाद पेपर माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की हो रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 100 दिन के भीतर बरसों से लटकी ईआरसीपी पर सहमति बनाई है। ईआरसीपी से राजस्थान के बड़े इलाके में पानी का संकट खत्म होने जा रहा है। कार्यक्रम को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी संबोधित किया। बाद में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने टोंक जिले के देवली में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रोड़ शो भी किया। वहीं कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने आज जयपुर के विद्याधर नगर में पार्टी के घोषणा पत्र को जारी करने के बाद जनसभा को संबोधित किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभा में कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने भाजपा पर अपने किये वादों को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया। श्री खडगे ने कहा कि कांग्रेस 55 साल में किये गये कामों को हिसाब देने को तैयार है। उन्होंने राजस्थान में कांग्रेस सरकार के काल में हुए कई कामों को गिनवाते हुए कहा कि राज्य में नई सरकार आने के बाद कई योजनाएं बंद कर दी गयी। इससे पहले, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि पिछले दस साल में सरकार ने देश में बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक संकट को बढावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

उन्होंने विपक्षी नेताओं को डराये जाने का आरोप लगाया। श्रीमती गांधी ने कहा कि किसान और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चे बेरोजगारी झेल रहे हैं। कार्यक्रम को प्रियंका गांधी, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा समेत कई अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।

0000

राज्य में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में बुजुर्गों में होम वोटिंग के प्रति उत्साह देखने को मिल रहा है। नागौर जिला मुख्यालय के सोनी जी की बाड़ी में 93 वर्षीय रामकंवरी भाटी ने होम वोटिंग की। वे 1952 के आम चुनाव से ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर रही है। श्रीगंगानगर में 103 वर्ष की सुगनी देवी ने घर से वोट डाला। विशेष योग्यजन सुमित मोंगा और पार्वती देवी ने मतदान कर खुशी जताई। इसके साथ ही चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र से मतदान की व्यवस्था की गई है। बूंदी में पुलिस ऑडिटोरियम में आरएस के जवानों, पुलिस कर्मियों और अन्य कार्मिकों ने पोस्टल बैलेट से वोट दिया।

000

प्रदेश में लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन विभाग द्वारा जन जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। कोटपूतली–बहरोड जिले के विराट नगर क्षेत्र में स्वीप कार्यक्रम के तहत चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बालोतरा जिले के पशु मेले में 100 मीटर कपडे की फड पर मतदान जागरूकता के संदेश लिखकर प्रदर्शन किया गया। शाहपुरा जिले में कला जत्थे के कलाकारों ने स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल में गीत, नृत्य और नाटक के माध्यम से शत–प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। बाडमेर नगर परिषद की ओर से रंगोली बनाकर मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया गया। डूंगरपुर जिले के दोवड़ा में स्वीप गतिविधियों के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा सहयोगिनियों ने रंगोली, मेहंदी और मानव श्रृंखला बनाकर मतदान की शपथ ली।

000

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जाएगा। आज का संदेश नागौर जिले के श्रोता ने भेजा है।

000

लोकसभा सीटों के चुनावी विश्लेषण की श्रृंखला में आज जानते हैं दौसा संसदीय क्षेत्र की चुनावी बिसात के बारे में

दौसा संसदीय सीट कभी कांग्रेस का गढ़ होती थी और 7 बार पायलट परिवार ने इस सीट को सांसद दिया। यहां से 19 चुनावों में कांग्रेस 12 बार और भाजपा चार बार जीती है। दो बार स्वतंत्र पार्टी ने और एक बार निर्दलीय ने जीत हासिल की। दौसा लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को मतदान होगा। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से कई स्थानों पर हुई बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। अजमेर और भोपालगढ में 14 मिलीमीटर बरसात रिकॉर्ड की गई। जयपुर में कल रात बूंदाबांदी के बाद आज सुबह कुछ इलाकों में अचानक तेज बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार आज भी जोधपुर, अजमेर, उदयपुर, कोटा और जयपुर संभाग में कहीं–कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा 9 अप्रैल को कोटा संभाग में कहीं–कहीं बारिश के आसार हैं।

000

राज्य सरकार ने प्रदेश में मानव अंग और उत्तक प्रत्यारोपण अधिनियम के तहत गठित सलाहकार सह राज्य स्तरीय प्राधिकरण समिति की पिछले एक वर्ष से बैठक आयोजित नहीं किए जाने पर समिति के अध्यक्ष सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि समिति को मानव अंग प्रत्यारोण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए समय–समय पर आवश्यक बैठकें आयोजित करनी थीं, लेकिन यह संज्ञान में आया है कि पिछले एक वर्ष से नियामनुसार बैठकें आयोजित नहीं की गईं। अब समिति को 3 दिन में स्पष्टीकरण देना होगा।

000

जवाहर कला केंद्र 8 अप्रैल को अपना 31 वां स्थापना दिवस मनाएगा। इस अवसर पर कल से दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। पहले दिन रंगायन सभागार में गजलों की प्रस्तुति होगी। वहीं परसों लोक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा।

000